


# सीएसके ने दिया 212 रन का लक्ष्य

## संजू सैमसन ने लगाया चौथा शतक



**चेन्नई, 11 अप्रैल. चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स ( डीसी ) के खिलाफ जीत के लिए 213 रन का टारगेट रखा है. सीएसके को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में संजू सैमसन की शतकीय पारी और आयुष म्हात्रे का अर्धशतक अहम रहा.**

एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी सीएसके ने निर्धारित ओवरों में 2 विकेट खोकर 212 रन बनाए. इस टीम को कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन ने शानदार शुरुआत दिलाई. दोनों खिलाड़ियों ने 6.2 ओवरों में 62 रन की साझेदारी की. गायकवाड़ ने 18 गेंदों में 1 चौके के साथ 15 रन की पारी खेली. इसके बाद संजू ने आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन जुटाते हुए टीम को 175 के स्कोर तक पहुंचा दिया. म्हात्रे 36 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 59 के स्कोर पर रिटायर्ड आउट हुए. इसके बाद संजू ने 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का चौथा शतक रहा.

संजू ने शिवम दुबे के साथ तीसरे विकेट के लिए 15 गेंदों में 37 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया. संजू 56 गेंदों में 4 छक्कों और 15 चौकों के साथ 115 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि दुबे ने 10 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ नाबाद 20 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स के खेमे से एकमात्र सफलता कप्तान अक्षर पटेल को मिली, जिन्होंने 4 ओवरों में 39 रन देकर 1 विकेट निकाला.

दिल्ली कैपिटल्स 3 में से 2 मैच जीतकर चौथे पायदान पर मौजूद है, जबकि सीएसके शुरुआती तीनों मैच गंवाकर सबसे अंतिम स्थान पर है.

दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग इलेवन- पथुम निसांका, केएल राहुल (विकेटकीपर), समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, आकिब नबी डार, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मुकेश कुमार. चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेइंग इलेवन- संजू सैमसन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), आयुष म्हात्रे, सरफराज खान, शिवम दुबे, डेवाल्ड ब्रेविस, जेमी ओवरटन, नूर अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत, खलील अहमद.




## ऑरेंज कैप पर सूर्यवंशी ने किया कब्जा

**गुवाहाटी.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली. शुक्रवार रात खेले गये इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं. इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाये. और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं. लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर हैं और उनके कुल 183 रन हैं. इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली. इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं.

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे आयुष शेट्टी

**20 साल के शटलर ने कुनलावुत को 3 गेम में हराया**

**1965 के बाद पहली बार पुरुष एकल में भारत को फाइनल टिकट**



**चीन, 11 अप्रैल भारतीय बैडमिंटन के उभरते सितारे आयुष शेट्टी ने शनिवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-1 और डिफेंडिंग चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर पुरुष एकल फाइनल में जगह बना ली.**

20 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी ने शुरुआती गेम हारने के बावजूद शानदार वापसी की और 1 घंटे 15 मिनट तक चले मुकाबले में अपने संयम और आक्रामक खेल से सभी को प्रभावित किया. यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि 1965 के बाद पहली बार कोई भारतीय पुरुष खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है. मैच की शुरुआत में आयुष शेट्टी थोड़े दबाव में नजर आए और पहला गेम 10-21 से हार गए, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव किया और आक्रामक खेल दिखाना शुरू किया. दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए 12-4 की बढ़त बना ली.

> हालांकि विटिडसार्न ने वापसी की कोशिश करते हुए स्कोर 13-11 तक पहुंचा दिया, लेकिन आयुष ने धैर्य बनाए रखा और गेम 21-19 से जीत लिया. तीसरे और निर्णायक गेम में आयुष ने आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी. उनकी तेज रफ्तार स्मैश और बेहतरीन कोर्ट कवरेज के सामने वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी भी दबाव में नजर आए. अंततः भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-17 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. आयुष शेट्टी का यह प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार रहा है. इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में भी बड़े उलटफेर किए थे. सेमीफाइनल में उन्होंने वर्ल्ड नंबर-4 जोनाथन क्रिस्टी को हराया था, जबकि उससे पहले वर्ल्ड नंबर-7 ली शिफेंग को मात दी थी.

## एक नजर में




### अल्काराज और सिनर सेमीफाइनल में

**मोंटे-कार्लो.** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाड़ी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुँच गए हैं. अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई. स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ़्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफ़ी सहज दिखे. अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज़ और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज़ ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के ख़िलाफ़ अपनी परीक्षा पास कर ली; बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे. फ़ुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात

### नेमार अभी भी ब्राज़ील वर्ल्ड कप टीम के फ्रेम में

**रियो डी जेनेरो.** नेशनल टीम के असिस्टेंट कोच डेविड एंसेलोटी के मुताबिक, नेमार अपनी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राज़ील की टीम का हिस्सा हो सकते हैं. नेमार, ब्राज़ील के लिए 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ अब तक के सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, दिसंबर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद इस साल सैंटोस के लिए सिर्फ़ छह मैच खेले हैं. अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ़ वर्ल्ड कप क्वालीफ़ायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के बाद से वह ब्राज़ील के लिए नहीं खेले हैं, इस चोट की वजह से वह एक साल से ज़्यादा समय तक बाहर रहे. लेकिन ब्राज़ील के हेड कोच कार्लो के बेटे डेविड ने कहा कि 34 साल के नेमार के पास 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पूरी तरह से फिट होने का समय है. डेविड ने कहा, 'बेशक, वह नेशनल टीम का टॉप स्कोरर है और उसके पास मौका है. उसके पास अपना बेस्ट करने और लिस्ट में आने की कोशिश करने का समय है.' डेविड ने कहा कि ब्राज़ील की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा शायद 18 मई को की जाएगी, जो फीफा की ऑफिशियल डेडलाइन से लगभग दो हफ़्ते पहले है.



### सेकर ने जीता पुरुष एसयूपी टेक्निकल खिताब

**लिटिल अंडमान.** सेकर पचई ने भारतीय स्टैंड-अप पैडलिंग में अपना दबदबा जारी रखते हुए पुरुष टेक्निकल एसयूपी खिताब अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में आर्थी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की. यह मुकाबले लिटिल अंडमान प्रो 2026 के दूसरे दिन खेले गए, जो पहली बार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आयोजित किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा किया जा रहा है और इसे अंडमान एवं निकोबार पर्यटन विभाग का पूर्ण समर्थन प्राप्त है. देश के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप पैडलर्स में शुमार सेकर पचई, जो कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन हैं, ने 2 किमी की टेक्निकल रेस को 10:05.02 के सर्वश्रेष्ठ समय में पूरा कर स्वर्ण पदक जीता. राजेश डी ने 10:26.34 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि दिनेश सेल्वमणि ने 10:37.33 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया. महिला टेक्निकल एसयूपी वर्ग में आर्थी ने 13:53.20 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया.

### पंजाब किंग्स ने नाव हादसे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**न्यू चंडीगढ.** पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में वृन्दावन नाव हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त हुए बांहों पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे. आज यहां मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दौरान पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने वृंदावन नाव हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करतके हुए अपनी बांह पर काली पट्टी बांधी. उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को यमुना नदी में पैंटून पुल के पीपे से टकराकर पलटी मोटरबोट के कारण अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है.




## खालसा-किरोड़ी का शानदार प्रदर्शन

### जीता बास्केटबॉल टूर्नामेंट

**नयी दिल्ली.** एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के पांचवें दिन जीत दर्ज की. यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज में आयोजित की जा रही है. गार्गी कॉलेज और स्टनर्स अकादमी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत हासिल की. पुरुष वर्ग में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 से हराया. किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. एक अन्य मुकाबले में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से पराजित किया.

# पंजाब ने 220 रन का विशाल लक्ष्य किया हासिल

## अभिषेक शर्मा की विस्फोटक 74 रन की पारी पर भारी पड़ी

**नई चंडीगढ़, 11 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.**

नई चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 219 रन बनाए, लेकिन पंजाब किंग्स ने दमदार बल्लेबाजी के दम पर 18.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया.

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शनिवार को खेला गया पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला पूरी तरह बल्लेबाजों के नाम रहा. नई चंडीगढ़ में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में पंजाब किंग्स ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए दो महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए.




> टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद आक्रामक रही. सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आते ही पंजाब के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया. उन्होंने पावरप्ले के अंदर ही तेज रन बटोरे और पंजाब के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया. अभिषेक ने मात्र 28 गेंदों में 74 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें कई चौके और छक्के शामिल रहे. उनकी बल्लेबाजी ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और शुरुआती ओवरों में मैच का रुख पूरी तरह हैदराबाद की ओर कर दिया.

# रोरी मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त

**भाटिया मास्टर्स से बाहर**

**अगस्ता, 11 अप्रैल 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए.**

मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए. राउंड के ज़्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की. उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया. इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा. गलत टी शॉट्स के बावजूद, जिनसे दिक्कत हुई, उन्होंने बार-बार स्मार्ट लेअप और सटीक शॉर्ट-गेम एग्जीक्यूशन से वापसी की.



> मोमेंटम के साथ, मैक्लेरॉय अब एक और ग्रीन जैकेट के करीब हैं, जिसका लक्ष्य जैक निकलॉस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स जैसे आइकॉन के साथ लगातार मास्टर्स चैंपियन बनना है. दूसरे स्थान पर पैट्रिक रीड और सैम बर्न्स हैं, दोनों छह शॉट पीछे हैं. रीड ने लगातार 69 का स्कोर किया, लेकिन आखिरी होल पर बोगी के कारण लड़खड़ा गए, जबकि बर्न्स ने अपने राउंड में देर से वापसी की, आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर 71 का स्कोर किया और दो राउंड तक 6-अंडर रहे. कट लाइन ड्रामा में कई जाने-माने नाम शामिल थे, जिनमें सबसे खास भाटिया थे.

# बंगलादेश की टीम में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, 11 अप्रैल. बंगलादेश ने न्यूजीलैंड खिलाफ 17 अप्रैल से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए हबीबुल बशर की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है. यह वही टीम है जिसने पिछले महीने अपने घर पर पाकिस्तान को 2-1 से हराया था.**

ये मैच 17 और 20 अप्रैल को ढाका में होंगे. तीसरा वनडे 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में खेला जाएगा. जैसा कि पहले बताया गया था, मेहदी हसन मिराज टीम की कप्तानी करेंगे. टीम के चयन को लेकर हबीबुल बशर ने कहा कि चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहती है, और कोई भी फैसला लेने से पहले वे खास तौर पर सैफ को थोड़ा और मौका देना चाहते हैं. बशर ने कहा, 'बंगलादेश ने पिछली सीरीज़ में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला था. टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी थे जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला. हमने एक नीति बनाई है कि हम किसी भी खिलाड़ी को टीम में खेलने के लिए पर्याप्त मौके देना चाहते हैं. हम किसी भी खिलाड़ी को बिना पूरे मौके दिए टीम से बाहर नहीं करना चाहते. हम निरंतरता में विश्वास रखते हैं, और इसी वजह से हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है. 'चयनकर्ताओं ने नाहिद राणा, तस्कीन अहमद, मुस्तफ़िज़ुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम के उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी बरकरार रखा है, जो हाल के दिनों में उन्हें बारी-बारी से खिलाने की परंपरा से हटकर है. बंगलादेश की एकदिवसीय टीम के पांच सदस्य अभी पीएसएल 2026 में खेल रहे हैं.



**आईपीएल में दो बड़े मुकाबले आज** ▶ मुंबई में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आमने-सामने

# लखनऊ में एलएसजी और गुजरात टाइटंस की भिड़ंत

**लखनऊ/मुंबई, 11 अप्रैल आईपीएल 2026 में रविवार का दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक रहने वाला है, जहां दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे. पहला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरा मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा.**

दोनों ही मुकाबले अंक तालिका और प्लेऑफ की दौड़ के लिए बेहद अहम माने जा रहे हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत इस सीजन में अच्छी नहीं रही थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में टीम ने शानदार वापसी की है. खासकर रन चेज़ में टीम ने लगातार दो रोमांचक मुकाबले आखिरी गेंद तक जीतकर यह साबित किया है कि दबाव में भी टीम अच्छा प्रदर्शन कर सकती है. पिछले मैच में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाया और टीम को जीत दिलाई, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है. दूसरी ओर गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सीजन में अब तक मिला-जुला रहा है. टीम ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन निरंतरता की कमी देखने को मिली है. हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हालिया जीत ने टीम को राहत दी है. कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम अब अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रही है. टीम में जोस बटलर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं, जो किसी भी समय मैच का रुख बदल सकते है.



> दूसरा मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा. मुंबई इंडियंस इस समय अंक तालिका में नीचे है और उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में जीत की जरूरत है. वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अच्छी फॉर्म में है और लगातार जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी. वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए बेहद अनुकूल मानी जाती है. यहां गेंद बैट पर अच्छे से आती है और छोटी बाउंड्री होने के कारण बड़े स्कोर बनते हैं. हालांकि तेज गेंदबाजों को नई गेंद से शुरुआती मदद मिल सकती है. दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए मुकाबलों में मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी रहा है. 34 मैचों में मुंबई इंडियंस ने 19 और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 15 मैच जीते हैं. लेकिन हाल के वर्षों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है और मुकाबला अब काफी संतुलित हो गया है. इस मैच में विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी.

